St. LAWRENCE HIGH SCHOOL

A JESUIT CHRISTIAN MINORITY INSTITUTION
27, BALLYGUNGE CIRCULAR ROAD,
KOLKATA – 700 019

Hindi Grammar(2nd term) **Class**: 3 **Date**:20.07.2020

Topic- अपठित गद्यांश **Answer worksheet -5**

राजस्थान भारत के पश्चिम में है | इसकी राजधानी जयपुर है | इसको गुलाबी राज्य कहते हैं क्योंकि यहाँ की सब दुकानें , दीवारें और बड़ी - बड़ी इमारतें सब गुलाबी रंग से रंगी है | यहाँ का हवामहल तो बीच बाजार में ही है | यह एक खिड़कियों की दीवार है | आमेर का किला शहर के एक किनारे पर है |यह एक पहाड़ के ऊपर है और वहाँ पहुँचने के लिए लोग हाथी पर बैठकर जाते हैं |

जयपुर के बाज़ार बहुत रंग - बिरंगे लगते हैं |यहाँ की साड़ियाँ , चूड़ियाँ और जूतियाँ बहुत मशहूर हैं |जयपुर में दुनिया भर से लोग सैर करने आते हैं |इसके अलावा यहाँ पर जन्तर - मन्तर , सिटी पैलेस और जलमहल भी देखने योग्य है |

<u>अनुच्छेद पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दो :-</u>

1) राजस्थान कहाँ है , उसकी राजधानी बताओ |

   उ) राजस्थान भारत के पश्चिम में है | इसकी राजधानी जयपुर है |

2) जयपुर को गुलाबी शहर क्यों कहते हैं ?

   उ) जयपुर की सब दुकानें , दीवारें और बड़ी - बड़ी इमारतें सब गुलाबी रंग की है | इसलिए इसे गुलाबी शहर कहते हैं |

3) यहाँ देखने योग्य कौन - कौन सी जगह है ?

   उ) यहाँ देखने योग्य जगह हैं - हवामहल , आमेर का किला , जन्तर - मन्तर , सिटी पैलेस , जलमहल आदि |

4) जयपुर में कैसे बाज़ार लगते हैं और यहाँ क्या - क्या प्रसिद्ध है ?

   उ) जयपुर में रंग - बिरंगे बाज़ार लगते हैं | यहाँ की साड़ियाँ , लहँगे , चूड़ियाँ और जूतियाँ बहुत प्रसिद्ध है |

वाक्य सही करके लिखो :-

5) जयपुर को लाल शहर कहते हैं |

उ) जयपुर को गुलाबी शहर कहते हैं |

6) आमेर एक नहर का नाम है |

उ) आमेर एक किला का नाम है |

खाली जगह भरो :-

7) यहाँ का हवामहल बीच बाज़ार में है |

8) पहाड़ पर लोग हाथी पर बैठकर जाते हैं |

शब्द सही करके लिखो :-

9) कीखिड़ - खिड़की

10)यादुनि - दुनिया

विलोम शब्द लिखो :-

11)शहर - गाँव

बहुवचन से एकवचन बनाओ :-

12) दीवारें - दीवार

दो संज्ञा शब्द लिखो :-

13)राजस्थान

14)चूड़ियाँ

वाक्य बनाओ :-

15) राजधानी - उत्तर - प्रदेश की राजधानी लखनऊ है |

Poonam Mehra